RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बर:- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्ष: 13 | अंक: 281 | जयपुर, शनिवार, 14 नवम्बर 2026 | मूल्य: 2.00 रूपए | पृष्ठ : 4

पेन व वोटर आई कार्ड नागरिकता के पर्याप्त सबूत नहीं

गुवाहाटी, आरएनएन। भारत में रहने वाले हर व्यक्ति के पास पेन कार्ड और वोटर आई कार्ड जैसे दस्तावेज हो सकते हैं, लेकिन सिर्फ इन दस्तावेजों के आधार पर भारतीय नागरिकता साबित नहीं की जा सकती। गुवाहाटी हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने साफ किया कि पेन कार्ड और वोटर आई कार्ड तभी सबूत माने जा सकते हैं, जब इन्हें जारी करने के लिए इस्तेमाल किए गए दूसरे रिकॉर्ड भी सही

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने कहा, दूसरे रिकॉर्ड भी देने होंगे

साबित हों। इसी आधार पर कोर्ट ने एक महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने खुद को भारतीय नागरिक बताते हुए विदेशी नागरिक घोषित करने के फैसले को चुनौती दी थी। यह मामला असम के दरांग जिले की रहने वाली कुलचन बेगम से जुड़ा है। उनके खिलाफ साल 2000 में मामला दर्ज किया गया था। बाद में यह मामला फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल में पहुंचा। साल 2018 में ट्रिब्यूनल ने उन्हें विदेशी नागरिक घोषित कर दिया था। महिला ने इस फैसले को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। महिला का दावा था कि उनका जन्म 25 अप्रैल 1977 को हुआ था। उनका पालन-पोषण गुवाहाटी के लुइटपार, खारघुली इलाके में हुआ।

▶ बैंक, सरकारी दफ्तरों और आम यूजर्स का काम प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट ठप, रेल-फ्लाइट पर असर, डूबे 93 हजार करोड़

दिल्ली-पुणे, लेह-मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की तीन उड़ानें कैंसिल यात्रियों को ट्रेन ट्रैकर, ईमेल और एसएमएस नोटिफिकेशन नहीं मिले

नई दिल्ली/संचार जगत



माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस पिछले 16 घंटों से ठप हैं। सर्विस पूरी तरह ठीक नहीं हुई है। हालांकि कंपनी की तरफ से अपडेट दिया जा रहा है कि तेजी से इसे ठीक किया जा रहा है और कई लोगों के लिए सर्विसेज काम कर रही हैं। इसका असर करीब 74 देशों तक पहुंच चुका है।

इससे करीब 10 अरब डॉलर यानी 93 हजार करोड़ से भी ज्यादा के नुकसान की आशंका है। यूके में तो स्वास्थ्य सेवाओं पर भी इसका असर देखा जा रहा, जहां नेशनल हेल्थ सर्विस की ओर से पेशेंट को दवाओं का पर्चा नहीं भेजा जा सका है। ईमेल बाधित होने से मरीजों तक दवा का पर्चा और मेडिसिन पहुंचाने में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा भारत में हवाई सेवाओं पर असर पड़ा है तो कनाडा, जर्मनी और अमेरिका में रेल सेवाएं बाधित हो गई हैं। रेल कनाडा ने कहा है कि यात्रियों को ट्रेन ट्रैकर, ईमेल और एसएमएस नोटिफिकेशन नहीं मिल पा रहा है।

सत्या नडेला के फैसले पर उठ रहे हैं सवाल

सत्या नडेला के नेतृत्व में माइक्रोसॉफ्ट ने एआई को अपनी सबसे बड़ी कारोबारी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। कंपनी ने ओपनएआई के साथ साझेदारी और बड़े डेटा सेंटर में निवेश के जरिए एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से बढ़ाया है। इस रणनीति के बीच कंपनी में कर्मचारियों की संख्या और लागत को लेकर भी बड़े फैसले हुए हैं। जुलाई 2026 में माइक्रोसॉफ्ट ने करीब 4,800 नौकरियां खत्म करने की घोषणा की थी। यही फैसले अब आउटेज के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा का हिस्सा बन रहे हैं। सवाल यह है कि क्या लागत घटाने और एआई में निवेश बढ़ाने के बीच कंपनी ने उन टीमों की ताकत कम कर दी है, जो उसके पुराने और जरूरी सिस्टम को चलाती हैं?

माइक्रोसॉफ्ट आउटेज की क्या है बड़ी वजह

माइक्रोसॉफ्ट के आधिकारिक सर्विस अपडेट के मुताबिक, कुछ सर्वर ऑटोमेटेड हेल्थ चेक में फेल हो रहे थे। इसके कारण वे सर्वर काम करना बंद कर रहे थे और उनका ट्रैफिक बाकी सर्वर पर पहुंच रहा था। इससे दूसरे सर्वर पर भी दबाव बढ़ने लगा। कंपनी ने बाद में बताया कि प्रभावित सर्वर पर सुरक्षित कनेक्शन बनाने वाली एक मुख्य प्रक्रिया जरूरत से ज्यादा दबाव में आ रही थी। इसके चलते सर्वर यूजर्स की रिक्वेस्ट का जवाब देना बंद कर रहे थे। माइक्रोसॉफ्ट ने सर्वर रीस्टार्ट किए, ट्रैफिक को दूसरे रास्तों पर भेजा और कुछ कॉन्फिगरेशन बदलावों की जांच की। इसका असर Outlook, Exchange Online, Teams, SharePoint, Copilot और Microsoft 365 की कई दूसरी सेवाओं पर पड़ा। 13 नवंबर तक भी कुछ यूजर्स को रुक-रुककर परेशानी हो रही है। कंपनी ने कहा कि उसे किसी साइबर हमले या दुर्भावनापूर्ण गतिविधि का संकेत नहीं मिला है।

चीनी की कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने बदली बिक्री व्यवस्था

नवंबर के दूसरे पखवाड़े में 13 लाख टन चीनी बेच सकेंगी मिलें



नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्र सरकार ने नवंबर के दूसरे पखवाड़े के लिए घरेलू बाजार में चीनी बिक्री का कोटा 13 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार का उद्देश्य त्योहारों के दौरान बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना और इसकी बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करना है। इसके लिए सरकार ने बिक्री और आयात से जुड़े कई कदम उठाए हैं।

आपूर्ति मजबूत बनाए रखने कच्ची चीनी का शुल्क मुक्त आयात दो महीने तक बढ़ाया

घरेलू बाजार में आपूर्ति मजबूत बनाए रखने के लिए सरकार ने 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की समयसीमा भी दो महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 कर दी है। वित्त मंत्रालय ने इससे पहले 20 अगस्त को 31 अक्टूबर तक आयात की अनुमति दी थी। सरकार का मानना है कि समयसीमा बढ़ाने से घरेलू बाजार में कीमतें दोबारा बढ़ने की स्थिति में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इससे महंगाई का दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी। विदेशी खेप आने की संभावना के बीच व्यापारी पहले से अपना भंडार बाजार में निकालने लगते हैं। इसके अलावा सरकार ने व्यापारियों के लिए चीनी के स्टॉक की सीमा भी निर्धारित की है।

खुदरा कीमतें 66 रुपए प्रति किलो तक

एक समय देश के कई खुदरा बाजारों में चीनी की कीमत 70 रुपए प्रति किलो से अधिक पहुंच गई थी। सरकार के कदमों के बाद 12 नवंबर तक प्रमुख शहरों में इसकी खुदरा कीमत 61 से 66 रुपए प्रति किलो के बीच रही। वहीं, देशभर में चीनी की औसत खुदरा कीमत 60.53 रुपए प्रति किलो दर्ज की गई।

नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू

संचार जगत

वाराणसी। सूर्य उपासना के महापर्व छठ की शुरुआत नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ शुरू हो गई। धर्मनगरी काशी के गंगा घाटों पर छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह देखने को मिली। अस्सी घाट पर व्रती महिलाओं ने गंगा में पवित्र डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद महिलाएं छठ वेदियों का पूजन किया। बिहार, मध्य प्रदेश समेत देश के विभिन्न हिस्सों से भी छठ पूजा के लिए श्रद्धालु वाराणसी पहुंचे हैं। कठिन व्रतों में से एक माने जाने वाले छठ महापर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छठ महापर्व को लेकर नगर निगम की ओर से घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए गंगा में गहरे पानी में न जाने की चेतावनी वाले बोर्ड भी लगाए गए हैं। मुख्य पूजा कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होती है।

काजीरंगा में ट्रक में घुसा ट्रैवलर, 26 लोगों की मौत

नगांव जा रही थी गाड़ी, इसमें सवार थे ज्यादातर छात्र

नई दिल्ली/संचार जगत



सम के काजीरंगा में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। रोंगाजन इलाके में यात्रियों से भरी टेम्पो-ट्रैवलर की सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भयावह थी कि ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गये। हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई है। वाहन में ज्यादातर यात्रियों के छात्र होने की बात सामने आ रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, ट्रैवलर बोकाखात से नगांव की ओर जा रही थी। इसी दौरान रोंगाजन के पास सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई. बताया जा रहा है कि वाहन में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। इनमें ज्यादातर छात्र शामिल थे।

ट्रैवलर के 12 चालान का रिकॉर्ड आया सामने

हादसे का शिकार हुई ट्रैवलर गाड़ी के ट्रैफिक चालान की जानकारी भी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इन सभी का कुल 38,500 रुपये जुर्माना भरा जा चुका था। हालांकि, 4,000 रुपये का एक चालान अब भी बकाया है। दरअसल, असम में कमर्शियल गाड़ी के ओवरस्पीडिंग करने पर 4,000 रुपये का जुर्माना लगता है। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, मिनी बस काफी तेज रफ्तार से चल रही थी। आशंका जताई गई है कि तेज रफ्तार के कारण ट्रैवलर का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा।

पीएम करा रहे मेरा फोन टैप, मोबाइल में है सबूत

राहुल गांधी ने लगाया बड़ा आरोप, बोले- आमने-सामने बहस करें प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली/संचार जगत



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फोन टैपिंग कराने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि उनके फोन में ऐसे कई सबूत और जानकारियां मौजूद हैं, जिन्हें सार्वजनिक बहस के दौरान सामने रखा जा सकता है।

राहुल ने एक बार फिर पीएम मोदी को आमने-सामने बैठकर बहस करने की चुनौती दी और यहां तक कह दिया कि अगर दोनों के बीच सीधी बहस हो गई तो मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। कांग्रेस नेता ने यह बातें शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर आयोजित आस्क मी सेशन के दौरान कहीं।

अडानी या भागवत को बना सकते हैं जज

राहुल गांधी ने बहस के लिए अपनी शर्तें बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ बैठें और वह दूसरी तरफ। दोनों के बीच सीधे सवाल-जवाब हों। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर उद्योगपति गौतम अडानी या आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को इस बहस का जज बनाया जाता है, तब भी उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। राहुल ने दावा किया कि ऐसी बहस के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद पर नहीं रहेंगे।

मणिपुर में फिर बड़ा हमला, चार की गई जान

इम्फाल, आरएनएन। मणिपुर के इम्फाल-उखरुल मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को हुए हमले में 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना न्यू हेवन के पास हुई।

पीड़ित दो गाड़ियों (मारुति स्विफ्ट और बोलेरो) में इम्फाल की ओर जा रहे थे। तभी घात लगाकर

मौके पर ही तीन की मौत, 2 लोग गंभीर

बैठे हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शांगशाक गांव के सगे भाई-बहन कापांगखुई आरएस और हाओलेला आरएस, तथा ताशार गांव के अगस्त नगालुंग के रूप में हुई है। इस घटना में एक मां-बेटे और भाई-बहन की जोड़ी शामिल थी, जिससे इलाके में मातम और तनाव का माहौल है। घटना के बाद राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस ने घटना पर दुख जताते हुए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने 3050 करोड़ में इंटेलीस्मार्ट को खरीदा

एनआईआईएफ और ईईएसएल से हासिल की पूरी हिस्सेदारी

नई दिल्ली/संचार जगत

अडानी समूह की कंपनी अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस ने स्मार्ट मीटरिंग कारोबार में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) से 3,050 करोड़ रुपए में इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इस सौदे से कंपनी को बिजली क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के कारोबार का विस्तार करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने बताया कि 3,050 करोड़ रुपए के इस सौदे में इंटेलीस्मार्ट की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी का अधिग्रहण शामिल है। एनआईआईएफ के पास मौजूद कंपनी के वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋणपत्रों का भुगतान भी किया गया है। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने एनआईआईएफ और ईईएसएल से इंटेलीस्मार्ट की पूरी हिस्सेदारी हासिल करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

सीसीआई से मिल चुकी थी मंजूरी

इस सौदे को इससे पहले 30 अक्टूबर को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल चुकी थी। निर्धारित सीमा से अधिक मूल्य वाले अधिग्रहण सौदों के लिए नियामक की अनुमति जरूरी होती है। सीसीआई बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने और अनुचित कारोबारी गतिविधियों पर नजर रखने का काम करता है।

स्मार्ट मीटरिंग क्षेत्र में है कारोबार

इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर बिजली क्षेत्र के लिए उन्नत मीटरिंग बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराती है। इसके अलावा कंपनी देश में स्मार्ट गैस मीटर लगाने का काम भी करती है। इस अधिग्रहण से एईएसएल को स्मार्ट मीटरिंग क्षेत्र में अपनी व्यावसायिक पहुंच बढ़ाने और इस कारोबार में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

फिल्म 'रामायण' की कमाई हजार करोड़ के पार

नई दिल्ली, आरएनएन। रणबीर कपूर की फिल्म रामायण बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के महज 8 दिनों में दुनियाभर में 1,033.55 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। भारत में फिल्म की कमाई 675.05 करोड़ रुपये पहुंच गई है, जबकि विदेशों में भी इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। खास बात यह है कि फिल्म का हिंदी वर्जन सबसे आगे चल रहा है।

रामायण ने भारत में 8वें दिन 53.50 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया। हालांकि, सातवें दिन के 70.65 करोड़ रुपये के मुकाबले इसकी कमाई में करीब 24.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद फिल्म का कुल भारतीय नेट कलेक्शन 564.60 करोड़ रुपये हो चुका है। वहीं, भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 675.05 करोड़ रुपये है।

साइलेंट जहर जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर लोग, बिना किसी लक्षण के भी फेफड़ों की क्षमता हो सकती है कम

उम्र 30 की, फेफड़े 50 साल के, समय से पहले बूढ़े हो रहे लंग्स

नई दिल्ली/संचार जगत



सोचिए, किसी व्यक्ति की उम्र महज 30 साल है, लेकिन उसके फेफड़े 50 साल के व्यक्ति जितना ही काम कर पा रहे हैं। सुनने में यह अजीब लग सकता है, लेकिन यह हकीकत है। देश के जाने-माने लंग ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अरविंद कुमार ऐसे मरीजों को देख चुके हैं, जिनके फेफड़ों की क्षमता उनकी उम्र के हिसाब से काफी कम हो चुकी है। इन मरीजों के शरीर की उम्र भले ही 30 साल है लेकिन फेफड़ों की सेहत 50 साल के व्यक्ति जैसी हो गई।

डॉक्टर इसके पीछे बढ़ते वायु प्रदूषण को एक बड़ी वजह मानते हैं। दिल्ली सहित देश के कई शहरों में रहने वाले लोगों के लिए यह चिंता और गंभीर है, क्योंकि यहां हर साल लोग लंबे समय तक जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। प्रदूषण चुपचाप हमारे फेफड़ों को उम्र से पहले बूढ़ा कर रहा है। इससे बिना किसी लक्षण के भी फेफड़ों की क्षमता कम हो सकती है। डॉ. अरविंद कुमार बताते हैं कि फेफड़ों की उम्र का अंदाजा उनके काम करने की क्षमता से लगाया जाता है। इसके लिए पल्मोनरी फंक्शन और स्पाइरोमेट्री जैसे टेस्ट किए जाते हैं। टेस्ट में पता चला है कि कई लोगों में कम उम्र में ही फेफड़ों की क्षमता काफी घट गई है। ये दर्शाता है कि लोगों के फेफड़े समय से पहले बूढ़े हो रहे हैं।

कोई लक्षण नहीं है, तो भी जांच करवानी चाहिए

यह जरूरी नहीं है कि फेफड़ों को नुकसान होने पर हर व्यक्ति को तुरंत इसके लक्षण महसूस हों. डॉ. अरविंद के मुताबिक, जिन इलाकों में प्रदूषण का स्तर ज्यादा रहता है, वहां बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को भी अपने फेफड़ों की सेहत को लेकर सतर्क रहना चाहिए। खासकर जिन लोगों को लगातार खांसी रहती है या जिनकी धूम्रपान की हिस्ट्री है, उन्हें फेफड़ों की जांच करानी चाहिए। युवाओं में फेफड़ों की क्षमता का पता लगाने के लिए पीईटी और स्पाइरोमेट्री जैसे टेस्ट किए जा सकते हैं। बच्चों और बुजुर्गों में भी जरूरत के हिसाब से फिनो और ऑडियोमेट्री टेस्ट किए जा सकते हैं। फेफड़ों को साफ करने का कोई जादुई तरीका नहीं है। न कोई खास डाइट, न इनहेल करने का कोई तरीका और न ही कुछ देर ऑक्सीजन लेने से फेफड़ों में जमा प्रदूषण बाहर निकाला जा सकता है।

कैसे होता है प्रदूषण बढ़ने से फेफड़ों को नुकसान

प्रदूषण लंग्स को काफी नुकसान करता है। प्रदूषित हवा में मौजूद छोटे- छोटे कण सांस के जरिए लंग्स में जाते हैं और वहां पर गंभीर असर करते हैं। प्रदूषित हवा में मौजूद बारीक कण सांस की नलियों में सूजन और जलन पैदा कर सकते हैं, इससे खांसी, गले में परेशानी और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। प्रदूषण का संपर्क कम होने पर इन लक्षणों में सुधार भी हो सकता है, लेकिन लंबे समय तक प्रदूषण झेलने से फेफड़ों की क्षमता पर असर हो सकता है। इससे लोगों में अस्थमा से लेकर सीओपीडी जैसी बीमारियां होने का भी रिस्क होता है। चिंता की बात यह है कि प्रदूषण से होने वाला नुकसान कई मामलों में परमानेंट हो सकता है। प्रदूषण को लेकर एक आम धारणा है कि सर्दियां खत्म होते ही खतरा भी खत्म हो जाता है। लेकिन ऐसा पूरी तरह सही नहीं है। प्रदूषण से होने वाला नुकसान हमेशा एक जैसा नहीं होता, कुछ असर अस्थायी होते हैं, जबकि कुछ मामलों में फेफड़ों को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है। लंबे समय तक प्रदूषण झेलने से फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। कुछ मामलों में डैमेज परमानेंट हो सकता है।

किताब के बाद गूगल पर छाईं सोनिया गांधी

गूगल खोज, विकिपीडिया पेज व्यू और एक्स पोस्ट तेजी से बढ़े

नई दिल्ली/संचार जगत



कांग्रेस की सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने भी किताब के रिलीज होने से कुछ हफ्ते पहले सोशल मीडिया पर कदम रखा। 10 नवंबर को किताब रिलीज होने से पहले उन्होंने इंस्टाग्राम और एक्स पर अपना अकाउंट बनाया।

इससे पहले वह इन प्लेटफॉर्म से दूर रही थीं। एक विश्लेषण में विकिपीडिया पेज व्यूज, गूगल ट्रेंड्स और एक्स के आंकड़ों से पता चलता है कि किताब रिलीज होने के बाद सोनिया गांधी को लेकर ऑनलाइन चर्चा तेजी से बढ़ी। पिछले हफ्ते के मुकाबले गूगल पर सोनिया गांधी को सर्च करने वालों की संख्या में 750 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

वाणिज्यिक कर आयुक्त ने परिवादियों की समस्याएं सुनीं

संचार जगत

जयपुर। वाणिज्यिक कर आयुक्त आनंदी ने राजस्थान संपर्क 181 पर दर्ज विभागीय परिवादों की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कॉल पर परिवादियों की समस्याएं सुनीं।

आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित कुल एक हजार 355 परिवादों में से एक हजार 246 का निस्तारण हो चुका है।



राजनीति समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने का माध्यम : राजनाथ सिंह

संचार जगत



नई दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि हमारे लिए विकसित भारत का अर्थ केवल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं है। वह इसका एक महत्वपूर्ण घटक अवश्य है, लेकिन विकसित भारत का हमारा सपना इससे कहीं व्यापक है। राजनाथ सिंह ने ब्रह्माकुमारीज की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हम अपने निर्णयों में केवल यह न देखें कि इससे हमें कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा बल्कि यह भी देखें कि इससे समाज को कितना लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हम यह न सोचें कि अगला चुनाव कैसे जीता जाएगा बल्कि यह सोचें कि अगली पीढ़ी का भविष्य कैसे बेहतर बनाया जाएगा। राज-काज को नीति और नैतिकता के माध्यम से संचालित करना ही राजनीति का वास्तविक भाव है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए विकसित भारत का अर्थ है, ऐसा भारत जहां नागरिक ईमानदार हों, परिवारों में संस्कार हों, समाज में सद्भाव हो, महिलाओं का सम्मान हो, युवाओं में अनुशासन हो और हर व्यक्ति के मन में राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का भाव हो।

बालाजी मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चुराने वाला अपराधी गिरफ्तार

संचार जगत

सिकंदरा। सिकंदरा थाना पुलिस ने मंदिरों में भक्त बनकर चोरी करने वाले एक शातिर एवं आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट, छत्र और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपी मुकेश नाथ योगी के खिलाफ दौसा, जयपुर और सवाई माधोपुर जिलों के विभिन्न थानों में चोरी और नकबजनी के 13 प्रकरण दर्ज हैं।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आपदा प्रबन्धन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की बैठक

आमजन, किसानों व पशुपालकों को पहुंचाएं राहतः सीएम भजनलाल शर्मा

सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत के लिए 9 हजार 321 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान में सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने 9 हजार 321 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की व्यवस्था की है। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के दिशा-निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने प्रभावित जिलों में जिला प्रशासन से निरंतर संपर्क बनाए रखने एवं आमजन, किसानों व पशुपालकों के लिए पेयजल, सिंचाई व चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है, वहां आवश्यकतानुसार चारा डिपो का सुव्यवस्थित संचालन किया जाए। साथ ही, गोशालाओं के माध्यम से भी पशुओं के लिए पेयजल व चारे की समुचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित जिलों में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वीबी-जीराम-जी, राजीविका एवं आवासीय योजनाओं के माध्यम से रोजगार एवं आजीविका संबंधी कार्यों का संचालन किया जाए। उन्होंने प्रभावित जिलों में खरीफ फसल खराबे की गिरदावरी के आधार पर आंकलन रिपोर्ट तैयार करने तथा काश्तकारों को राहत पहुंचाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश प्रदान किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कंटीजेन्सी प्लान के आधार पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। वहीं, विद्युत विभाग द्वारा नलकूप के विद्युत कनेक्शन प्राथमिकता से जारी किए जाएं। उन्होंने आवश्यकतानुसार पेयजल परिवहन की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में मानसून सत्र में औसत वार्षिक वर्षा लगभग 20 प्रतिशत कम होने के कारण कुल 15 जिलों की 87 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। इन तहसीलों में से 73 तहसील गंभीर सूखाग्रस्त श्रेणी एवं 14 तहसील मध्यम सूखाग्रस्त श्रेणी में शामिल हैं। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा) भास्कर ए. सावंत सहित जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी, राजस्व, पशुपालन, गौ-पालन, कृषि एवं उद्यानिकी, सहकारिता, वित्त, ई.जी.एस. व जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

पेयजल व चारे की करें समुचित व्यवस्था



जिला स्तरीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान शुरु



संचार जगत

भीलवाड़ा। कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का जिला स्तरीय शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई तथा अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कलेक्टर ने अभियान के तहत युवाओं एवं आमजन को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थानों के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने तथा तंबाकू मुक्त ग्राम बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों से संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों की प्रभावी पालना, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जन-जागरूकता तथा कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों की अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चुनावी चर्चा के दौरान हुए हंगामे में दो युवक गंभीर घायल

संचार जगत

कोटपूतली। राजस्थान के कोटपूतली में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 पर स्थित एक होटल में खाना खाते समय दो पक्षों के बीच चुनावी चर्चा को लेकर मारपीट हो गई। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें इलाज के लिए राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि होटल में खाना खाने के दौरान उन दो युवकों की कुछ अन्य लोगों के साथ चुनावी मुद्दों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। बातचीत के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस हो गई। देखते ही देखते कहासुनी गाली-गलौच में बदल गई और फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने संजय सिंह और प्रदीप सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान दोनों युवकों के साथ जमकर मारपीट की गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। झड़प के दौरान होटल में भी तोड़फोड़ की गई। अचानक हुई इस घटना से होटल में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। वारदात के बाद दोनों घायलों को तत्काल राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।



व्यापारी को धोखा देकर करीब 1510 ग्राम सोने के आभूषण लेकर फरार हुए तीन शातिर आरोपी

ज्वैलरी खरीदने के बहाने 1.80 करोड़ के सोने के आभूषण ले उड़े शातिर बदमाश गिरफ्तार

संचार जगत

किशनगढ़। ज्वैलरी खरीदने के बहाने व्यापारी को धोखा देकर करीब 1510 ग्राम सोने के आभूषण लेकर फरार हुए तीन शातिर आरोपियों को मदनगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये कीमत के सोने के विभिन्न आभूषण तथा 1 लाख 32 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर लगातार पीछा करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अगरवाला के निर्देशानुसार संपत्ति संबंधी अपराधों, लूट, चोरी और नकबजनी के मामलों में फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. लाल चंद कायल तथा वृत्ताधिकारी किशनगढ़ शहर धर्मराज चौधरी के निर्देशन में थानाधिकारी मदनगंज भवानी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। घटना के संबंध में परिवादी मनफूल सोनी ने 10 नवंबर को थाना मदनगंज में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। आरोपी शातिर प्रवृत्ति के थे और घटना के बाद लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे।



एसआईआर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने किया पलटवार



संचार जगत

भीलवाड़ा। एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची कभी अंतिम नहीं होती, यह लगातार चलने वाली प्रक्रिया है और एसआईआर कोई नई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि 13 करोड़ नाम काटने का भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि हकीकत में 1.5 करोड़ से ज्यादा मृतक और 3 करोड़ से ज्यादा दोहरे नाम वाले मतदाता थे। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि कोई मतदाता सूची अंतिम नहीं होती। उन्होंने कहा कि एसआईआर को लेकर इंडी अलायंस, खास तौर से राहुल गांधी, बहुत भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एसआईआर 1952 के बाद से लेकर आज तक एक सतत प्रक्रिया है।

कोटा संभाग में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं एवं रेफरल व्यवस्था की होगी समीक्षा



संचार जगत

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कोटा में प्रसूता प्रीति महावर की मृत्यु के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर पूरे मामले की जानकारी ली। बैठक में खींवसर ने कहा कि प्रसूता की मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है। सरकार मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना को गंभीरता से लेती है। प्रसव के बाद महिला की स्थिति गंभीर रूप से बिगड़ गई थी। जांच में लिवर फंक्शन में अत्यधिक खराबी सामने आई तथा आगे चलकर फुलमिनेंट हेपेटिक फेल्योर एवं मल्टी ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम की स्थिति विकसित हुई। महिला को विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार दिया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। उन्होंने पूरे प्रकरण के चिकित्सकीय पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यवाहक निदेशक आरसीएच डॉ. रोमेल सिंह को कोटा संभाग भेजकर संभाग में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं एवं रेफरल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को समय पर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कोटा संभाग के सभी जिलों में एंबुलेंस सेवाओं, स्वास्थ्य संस्थानों के बीच समन्वय, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, जोखिम का समय पर आकलन तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रेफरल की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

आरबीआई दिसंबर में बढ़ा सकता है रेपो रेट

संचार जगत

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति कमेटी दिसंबर की बैठक में रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत 25 आधार अंक बढ़ा सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। हालांकि, रिपोर्ट में रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावनाओं से इनकार किया गया। एसबीआई रिसर्च ने रिपोर्ट में कहा कि महंगाई, रुपए और वैश्विक दबावों में कमी के संकेत दिख रहे हैं। हालांकि रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना नहीं है, लेकिन यह बढ़कर 5.50 प्रतिशत से 5.75 प्रतिशत हो सकती है। सरकार द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आंकड़ों में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09 प्रतिशत हो गई है। नई सीरीज लागू होने बाद यह पहला मौका है, जब खुदरा महंगाई दर आरबीआई द्वारा निर्धारित सीमा 2-6 प्रतिशत के ऊपर निकल गई है।

चार देशों की नौसेनाओं ने किया सैन्य अभ्यास

संचार जगत



नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सह्याद्रि ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के साथ सैन्य अभ्यास किए हैं। इन अभ्यासों में समुद्री क्षेत्र की निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्धक अभियान और तोपों से फायरिंग शामिल रही। इसके अलावा चारों देशों की नौसेनाओं ने आपसी तालमेल और संयुक्त अभियान क्षमता को परखने के लिए कई गतिविधियां भी कीं। यह अभ्यास बहुराष्ट्रीय नेवल एक्सरसाइज मालाबार-2026 के समुद्री चरण में हिस्सा लेते हुए किया गया। इस दौरान समुद्री क्षेत्र की निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्धक अभियान और फायरिंग जैसे परिचालन अभ्यास किए गए। इसके साथ ही जहाज पर चढ़कर तलाशी लेने और संदिग्ध गतिविधियों से निपटने का अभ्यास भी किया गया।

पंजाब में चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज

संचार जगत



चंडीगढ़। पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष परगट सिंह ने आम आदमी पार्टी की ओर से जारी की गई दूसरी लिस्ट पर तंज कसते हुए कहा कि पंजाब में उनकी जमीन खिसक चुकी है। आम आदमी पार्टी ने दूसरी सूची में 31 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। इसमें कुछ वर्तमान विधायकों के टिकट काटे गए हैं। इसे लेकर सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है कि वे दूसरे दलों का दामन थाम सकते हैं। यह भी दावा किया जा रहा है कि पार्टी विधायकों की नाराजगी को देखते हुए लिस्ट में फेरबदल कर सकती है।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

कड़े मुकाबले में जेसिका ने लिंडा को हराया, टूर्नामेंट से बाहर गॉफ



नई दिल्ली/संचार जगत

जेसिका पेगुला ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा। पेगुला ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 ऐस लगाए और एक मैच प्वाइंट बचाते हुए अंतिम तीन गेम जीतकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के राउंड-रॉबिन ग्रुप में लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (2), 4-6, 7-5 से हराया। पेगुला की जीत ने उनकी पूर्व युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले गॉफ ने वापसी करते हुए अंतिम छह गेम जीतकर मार्ता कोस्त्युक को 6-4, 7-5 से हराया था, जो इस साल उनका आखिरी मैच साबित हुआ।

कोको को टूर्नामेंट से लेनी पड़ी विदाई



कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। अपने अंतिम ग्रुप मैच में मार्टा कोस्त्युक को हराने के बावजूद, हमवतन जेसिका पेगुला की जीत के कारण गॉफ को ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से विदाई लेनी पड़ी। थ्री-वे टाई (तीन खिलाड़ियों के बीच बराबरी)। ग्रुप-1 में कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और लिंडा नोस्कोवा तीनों ने 2-1 के समान जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ समापन किया।

नेशंस लीग : क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, हैरी केन ने किया 92वां गोल

नई दिल्ली/संचार जगत

हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया।



केन ने अपना 126वां मैच को बनाया यादगार

मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डी'ओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डी'ओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

हेनरी ने झटके 6 विकेट, सीरीज में 2-1 से आगे भारत

न्यूजीलैंड की वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

नई दिल्ली/संचार जगत

विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

यंग ने खेली 125 रन की पारी

यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला, जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर 3 विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया।



भारत ने खाता खोले बिना गंवाए तीन विकेट

नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही, जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था।

यंग और सीफर्ट ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिए। लेकिन अन्य दो स्पिनरों कुलदीप यादव (8 ओवर में 73 रन) और नमन धीर (4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) ने जमकर रन लुटाए।

खबर संक्षेप



आईजीपीएल के चैंपियन बने गगनजीत भुल्लर

हैदराबाद। अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने एक बार फिर अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए शुक्रवार को फीनिक्स इनविटेशनल हैदराबाद में प्लेऑफ मुकाबले में युवा खिलाड़ी राघव चुग को हराकर अपना सातवां इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) खिताब जीत लिया। यह इस सत्र में भुल्लर की चौथी जीत और लगातार दूसरा प्लेऑफ खिताब है। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह वूटी गोल्फ काउंटी में भी प्लेऑफ मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया था। भुल्लर ने विमट्रा चेन्नई लायंस गोल्फ क्लब के 16वें और 17वें होल पर लगातार बर्डी लगाकर अपना स्कोर 14-अंडर तक पहुंचा दिया।

सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश : क्वार्टर फाइनल में सूरज चंद



नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी सूरज चंद ने दूसरे दौर में बेंजामिन रैटक्लिफ को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर क्लासिक के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने इस पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी को 11-6, 11-4, 11-4 से हराया। सूरज अगस्त में विश्व विश्वविद्यालय चैंपियन बने थे। सूरज का सामना अब मलेशिया के विश्व में 60वें नंबर के खिलाड़ी संजय जीवा से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में ओम सेमवाल को 11-9, 11-9, 11-8 से हराया था।

कुमामोतो मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य, बाहर हुए श्रीकांत

नई दिल्ली/संचार जगत

लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।



श्रीकांत निरंतरता बनाए रखने में नाकाम

श्रीकांत एक बार फिर अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे। पहले गेम में उन्होंने अपने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन दूसरे गेम में वह अच्छी बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और जापान के कोकी वातानाबे से 22-24, 15-21 से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कोडाई नाराओका को हराया था लेकिन वातानाबे के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाए। श्रीकांत ने पहला गेम करीबी अंतर से गंवाने के बाद दूसरे गेम में 12-5 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने कई गलतियां की, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। वातानाबे ने अंतिम 19 में से 16 अंक जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

लालरेमसियामी बनीं मिजोरम की पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता



आइजोल। भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली मिजोरम की पहली खिलाड़ी बन गईं। छब्बीस वर्षीय लालरेमसियामी उन 17 खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त को अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चुना था। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें औपचारिक रूप से यह सम्मान प्रदान किया। मिजोरम के उत्तरी हिस्से में असम की सीमा से सटे कोलासिब जिले की रहने वाली लालरेमसियामी ने कम उम्र में ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था। वर्ष 2011 में 11 साल की उम्र में उन्होंने थेनजॉल स्थित राज्य सरकार की हॉकी अकादमी में दाखिला लिया। इसके बाद 2016 में वह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय हॉकी अकादमी में शामिल हो गईं। लालरेमसियामी ने अक्टूबर 2011 में जूनियर नेहरू हॉकी टूर्नामेंट से राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया। बाद में 2016 में एशिया कप के लिए उनका चयन भारत की अंडर-18 टीम में हुआ।

डेब्यू में बियर्डमैन ने झटके 6 विकेट

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दी 7 विकेट से मात

नई दिल्ली/संचार जगत

युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने वनडे पदार्पण मैच में 6 विकेट लेकर इतिहास रचा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से शिकस्त दी। बियर्डमैन ने 24 रन देकर 6 विकेट झटके और वनडे पदार्पण पर ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले



गेंदबाज बन गए। उनकी शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 159 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की पूरी टीम 131 रन पर सिमटी

इक्कीस वर्षीय बियर्डमैन ने अपने आठवें गेंद पर पहला वनडे विकेट हासिल किया और इसके बाद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाजों को एक के बाद एक पवेलियन भेजते रहे। उन्हें स्पेंसर जॉनसन (तीन विकेट) और जेवियर बार्टलेट (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जिससे इंग्लैंड की पूरी टीम 34 ओवर से पहले ही महज 131 रन पर सिमट गई।

निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत को मिले 13 पदक

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। दो मिश्रित ट्रैप टीम का शुक्रवार को प्रदर्शन निराशाजनक रहा। विवान कपूर और मनीषा कीर की जोड़ी 134 के संयुक्त स्कोर के साथ 21वें स्थान पर रहीं जबकि जोरावर सिंह



संधू और नीरू धांडा की जोड़ी 132 अंकों के साथ 32वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 48 टीम ने हिस्सा लिया था।

हरमनप्रीत कौर का वैक्स स्टेच्यू स्थापित, बोलीं- 'यह गर्व का पल'

जयपुर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जयपुर में अपने वैक्स स्टेच्यू (मोम के पुतले) का अनावरण किया और इसे अपने लिए गर्व का पल बताया। नाहरगढ़ के 'हिस्टॉरिका म्यूजियम' की ओर से तैयार किए गए इस 'वैक्स स्टेच्यू' को अब आम लोगों के लिए प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर हरमनप्रीत ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का पल है। उन्होंने पहली बार अपने इस 'पुतले' को देखा और इसे बनाने वाले लोगों का आभार जताया। आयोजकों के अनुसार हरमनप्रीत की उपलब्धियों को सम्मान देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। गौरतलब है कि हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नवंबर 2025 को महिला एक दिवसीय विश्व कप का खिताब जीता था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जयपुर वैक्स म्यूजियम ने उनका मोम का पुतला बनाने की घोषणा की थी।



विश्व चैंपियनशिप टूर: अर्जुन ने बिबिसारा को दी मात

शुरुआती झटके से उबरे एरिगैसी, वापसी कर की बराबरी

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता में कम रेटिंग वाली बिबिसारा असाउबायेवा से पहली बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी में कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी को हराकर शानदार वापसी की।

प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली की भाई बहन की जोड़ी के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा क्योंकि उन्हें अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा, जहां फैबियानो कारुआना से हार गए, वहीं वैशाली को हैंस नीमन ने हराया।



कारुआना की आसान जीत

वैशाली एक ड्रॉ और तीन हार के साथ ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है। प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में कारुआना से अपने दोनों मैच हार गए। कारुआना ने सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञाननंदा के रक्षण में सेंध लगाने के लिए एक मोहरा कुर्बान किया और आसानी से जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए भी जीत दर्ज की। प्रज्ञाननंदा के अब केवल दो अंक है और वह ग्रुप में सबसे अंतिम स्थान पर हैं जबकि दो जीत से कारुआना के 10 अंक हो गए हैं, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर काबिज लिएम ले से दो अंक अधिक हैं।

कार्लसन को जीत का इंतजार

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को फास्ट क्लासिकल में पहली जीत का इंतजार है क्योंकि ग्रुप सी में किशोर ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने उन्हें दोनों मैच में ड्रॉ पर रोक दिया। कार्लसन ने अब तक अपने सभी चार फास्ट क्लासिकल मैच ड्रॉ किए हैं और उनके चार अंक हैं, जबकि मिश्रा के तीन अंक हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बोले- एनवीडिया के पूर्व सीईओ जेनसेन हुआंग नर्क से गुजर रहे

डोनाल्ड ट्रम्प ने हुआंग को कंपनी में अपना पद बचाने के लिए संघर्ष करने की दी थी सलाह

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जेनसेन हुआंग को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने निजी चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि हुआंग ने उन्हें कॉल किया था। उस दौरान ट्रम्प ने हुआंग को कंपनी में अपना पद बचाने के लिए संघर्ष करने की सलाह दी थी।

ट्रम्प ने बताया कि हुआंग कह रहे थे कि मेरी वजह से मेरी पत्नी और परिवार को क्या कुछ झेलना पड़ रहा है। उन्होंने मुझे बताया कि वे नर्क से गुजर रहे हैं। उन्हें सबसे ज्यादा चिंता अपनी पत्नी और परिवार की है। हालांकि, हुआंग ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद एनवीडिया ने घोषणा की है कि कंपनी की सीएफओ कोलेट क्रेस्स अंतरिम सीईओ का कार्यभार संभालेंगी, जबकि बोर्ड किसी स्थायी उत्तराधिकारी की तलाश करेगा। हुआंग के निजी संबंधों के बारे में खुलासे होने के बाद उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई थी, जिसके बीच ट्रम्प ने हस्ताक्षेप करने की कोशिश की थी।

जेनसेन हुआंग का एक चीनी लड़की के साथ अफेयर का मामला सामने आया था, जिस पर स्पाई होने का शक अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने किया। इन आरोपों के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी और एनवीडिया ने भी एक जांच करने में मदद पहुंचाई।



बायोग्राफर ने हुआंग को बताया घमंडी व गुस्सैल

हुआंग की जीवनी लिखने वाले लेखक स्टीफन विट ने उनके गुस्से और घमंड को लेकर भी कई दावे किए हैं। विट ने 2025 में 'द थिंकिंग मशीन' नाम से उनकी आटोबायोग्राफी लिखी थी। उनका कहना है कि हुआंग की कहानी सिर्फ बिजनेस में कामयाबी की नहीं हैं। यह घमंड और खुद को सबसे ऊपर समझने की भी कहानी है। स्टीफन विट के मुताबिक, हुआंग को अपनी बात का विरोध पसंद नहीं था। अगर कोई उनसे असहमति जताता था तो वह भड़क जाते थे। विट ने न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए लिखे एक कॉलम में लिखा था कि हुआंग छोटी-छोटी बातों पर भी गुस्सा हो जाते थे। वह सामने वाले पर चिल्लाने लगते थे। उनका गुस्सा कई बार एक घंटे या उससे ज्यादा समय तक रहता था। विट का दावा है कि कंपनी के कई बड़े अधिकारी भी उनसे सवाल पूछने या असहमति जताने से डरते थे। उन्होंने कभी डिशवॉशर का काम किया था।

चीन ने जासूसी के दावों को खारिज कर दिया

हुआंग के एलिस हुआंग नाम की एक चीनी बिजनेल वुमेन के साथ संबंधों की खबरें सामने आई थी। इसके बाद दोनों के रिश्तों की जांच शुरू हुई। एलिस हुआंग, सिंगापुर स्थित मेगास्पीड इंटरनेशनल की पूर्व कार्यकारी अधिकारी रही हैं। अमेरिकी खुफिया अफसरों को शक था कि वह चीन को जानकारी पहुंचा रही थीं, हालांकि इन आरोपों की सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। चीन ने जासूसी के इन दावों को खारिज कर दिया है। एनवीडिया के बोर्ड ने पहले ही इस बात की जांच शुरू कर दी थी कि क्या उनके सीएफओ को किसी विदेशी खुफिया अभियान के तहत निशाना बनाया गया था। उस समय कंपनी ने कहा था कि उनके पास ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है कि कंपनी के बिजनेस सीक्रेट या नेशनल सिक्योरिटी से कोई डील हुई है।

ईरान डील से वेंस को हटाने के ट्रम्प के फैसले ने चौकाया

वेंस नहीं, रुबियो होंगे ट्रम्प के उत्तराधिकारी

ईरान समझौते से वेंस को हटाकर ट्रम्प ने घरेलू मुद्दों पर लगाया

45 फीसदी रिपब्लिकन वोटर्स ने रुबियो को राष्ट्रपति पद का बेहतरीन उम्मीदवार माना

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिका में 2028 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अभी से चर्चा शुरू हो गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद रिपब्लिकन पार्टी में नेतृत्व किसके हाथ में जाएगा। इसे लेकर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के नाम सामने आ रहे हैं। अब दो अलग-अलग रिपोर्ट्स ने इस बहस को और तेज कर दिया है। पहली रिपोर्ट में चुनावी सर्वे के जरिए वेंस और रुबियो की लोकप्रियता के आंकड़े सामने आए हैं, जबकि दूसरी रिपोर्ट बताती है कि ईरान के साथ शांति समझौते के मामले में ट्रंप ने वेंस को बातचीत से अलग कर दिया। रॉयटर्स और इप्सोस के 12 नवंबर के सर्वे के मुताबिक, रिपब्लिकन पार्टी के 45त्न वोटर्स ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को राष्ट्रपति पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार माना। वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को 43त्न लोगों ने यह रेटिंग दी। यानी रुबियो को वेंस से 2त्न अंक ज्यादा मिले। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस को 32त्न रिपब्लिकन वोटर्स ने बेहतरीन उम्मीदवार बताया। सर्वे में डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नाम भी सामने आए। जॉर्जिया के सीनेटर जॉन ओसॉफ और पूर्व परिवहन मंत्री पीट बटिगिएग को 29-29त्न लोगों ने बेहतरीन उम्मीदवार माना। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम को 23-23त्न लोगों ने यह रेटिंग दी. वहीं। न्यूयॉर्क की सांसद अलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज को 15त्न लोगों ने पसंद किया। यह सर्वे अमेरिका के 1,705 लोगों पर किया गया था। इसमें दोनों पार्टियों के करीब 500-500 रजिस्टर्ड वोटर्स शामिल थे। रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक वोटर्स के बीच सर्वे में 5 प्रतिशत अंक की गलती की गुंजाइश है।

हालांकि, अभी किसी भी नेता ने 2028 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी घोषित नहीं की है। ट्रम्प के बाद रिपब्लिकन पार्टी में नेतृत्व को लेकर रुबियो और वेंस के नामों पर चर्चा है. ट्रंप भी अपने करीबियों से दोनों नेताओं के बारे में उनकी पसंद पूछ चुके हैं। हालांकि, उन्होंने सीबीएस के कार्यक्रम 60 मिनट्स में कहा था कि वह रिपब्लिकन पार्टी के प्राइमरी चुनाव में किसी एक उम्मीदवार का समर्थन जरूरी नहीं करेंगे। सर्वे में रुबियो को वेंस से थोड़ी बढ़त जरूर मिली, लेकिन उनकी पहचान वेंस के मुकाबले कम ।



वेंस ने ईरान युद्ध को चुनाव में हार की वजह बताया

अमेरिका में हाल ही में हुए 3 नवंबर के मिडटर्म इलेक्शन में रिपब्लिकन पार्टी को डेमोक्रेट्स के हाथों हार मिली थी। इसके बाद वेंस ने माना था कि ईरान युद्ध के आर्थिक बोझ ने पार्टी के चुनावी प्रदर्शन को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने युद्ध खत्म करने की अपनी पुरानी सलाह को सही बताया था। हालांकि, ट्रम्प ने युद्ध का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी. अब ट्रंप ने वेंस को मिनेसोटा, कैलिफोर्निया और इलिनॉय जैसे डेमोक्रेटिक शासन वाले राज्यों में कथित भ्रष्टाचार और अपराधों पर ध्यान देने को कहा है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि इन राज्यों में हर महीने अरबों डॉलर की चोरी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि इस कथित गड़बड़ी पर कार्रवाई से अमेरिकी बजट का घाटा खत्म करने में मदद मिल सकती है।

गृह मंत्रालय ने आईआरएफ पर लगे प्रतिबंध को बढ़ाया

युवाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए उकसा रहा था जाकिर नाइक

नई दिल्ली/संचार जगत



इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक के इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन पर लगे बैन को केंद्र सरकार ने और पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इससे जुड़ा एक आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया जिसमें कहा गया कि यह संस्था ऐसी गतिविधियों में शामिल रही है जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा हैं और उनसे शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ सकता है। मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में कहा गया कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईआरएफ को एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया था और उस पर लगे बैन को और पांच साल के लिए बढ़ाया जा रहा है।

समाप्त हो रहा था प्रतिबंध

बता दें कि इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) पर सरकार ने पहले ही बैन लगाया हुआ था जो कि 14 नवंबर को समाप्त हो रहा था। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार का मानना है कि आईआरएफ और उसके सदस्य खासकर आईआरएफ के फाउंडर और प्रेसिडेंट, डॉ. जाकिर अब्दुल करीम नाइक उर्फ डॉ. जाकिर नाइक अपने फॉलोअर्स को धर्म के आधार पर अलग-अलग धार्मिक समुदायों और ग्रुप्स के बीच वैमनस्य या दुश्मनी, नफरत या बुरी नीयत को बढ़ावा देने या बढ़ावा देने की कोशिश करने के लिए बढ़ावा दे रहे हैं और उनकी मदद कर रहे हैं, जो देश की एकता और सुरक्षा के लिए नुकसानदायक है।

शेख हसीना बोलीं, मौत का डर नहीं अपनी मिट्टी में मरना पसंद करूंगी

जान के खतरे के बावजूद स्वदेश लौटने का संकल्प दोहराया

नई दिल्ली/संचार जगत



बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने कहा है कि गिरफ्तारी, जेल या जान जाने का खतरा उन्हें ढाका लौटने से नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि अपने लोगों से दूर रहने के बजाय, वह अपनी मातृभूमि में मरना ज्यादा पसंद करेंगी।

विशेष इंटरव्यू में हसीना ने कहा कि जो उन्हें सही लगता है, उसे करने से उन्हें कभी डर नहीं रोक पाया। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी राजनीतिक अनिश्चितता और अपनी सुरक्षा को लेकर खतरों के बावजूद वह बांग्लादेश लौट चुकी हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, देखिए, मैं खतरों को अच्छी तरह समझती हूं। हो सकता है कि पहुंचते ही मुझे गिरफ्तार कर लिया जाए। वे मुझे जेल भेज सकते हैं। यहां तक कि वे मुझे मारने की कोशिश भी कर सकते हैं। लेकिन, आपको पता है, मैंने बहुत पहले ही अपनी निजी सुरक्षा की चिंता करना छोड़ दिया था। 1981 में सैन्य शासन के बावजूद मैं बांग्लादेश लौटी थी। फिर 2007 में भी मैं लौटी, जबकि मुझे पता था कि सेना समर्थित सरकार मुझे गिरफ्तार कर सकती है। मैंने जेल का सामना किया है और मेरी जान लेने की कई बार कोशिशें भी हुई हैं। जो मुझे सही लगता है, उसे करने से मुझे कभी डर नहीं रोक पाया।

ईरान ने बहरीन में अमेरिकी रडार को निशाना बनाने का दावा किया

नई दिल्ली/संचार जगत

ईरानी सैन्य बल आईआरजीसी ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने बहरीन में यूएस के अर्ली वार्निंग रडार को निशाना बनाया है। सितंबर की शुरुआत के बाद किसी खाड़ी देश में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले का यह पहला दावा है। हालांकि यूएस सेना ने आईआरजीसी के इस दावे को खारिज किया है। उसने कहा कि बहरीन की ओर लांच किए गए दो हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया है। आईआरजीसी ने कहा कि यह हमला ईरान के होर्मोजगान प्रांत में सिरिक काउंटी में दूरसंचार टावर पर हुए हवाई हमले के जवाब में किया। यह दावा ऐसे समय किया है, जब यूएस और ईरान के बीच संघर्ष थमा हुआ है।

अमेरिकी सेना बोली- मार गिराए दो हमलावर ड्रोन

ईरान के ताजा हमले को लेकर बहरीन की ओर से कोई बयान नहीं आया है। जबकि यूएस सेना ने आईआरजीसी के दावे से इंकार किया है। आईआजीसी नौसेना ने बताया कि शुक्रवार को होर्मुज में नौसेना द्वारा बिछाई बारूदी सुरंग से एक टैंकर टकरा गया।

कैब रेंटल के नियमों में करेगी बदलाव ग्राहकों को मिलेंगे ज्यादा विकल्प

संचार जगत



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में कैब रेंटल के नियमों में बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है। इससे कैब रेंटल बिजनेस को खोलना और ऑपरेट करना आसान हो जाएगा। साथ ही, ग्राहकों की सुरक्षा में भी इजाफा होगा। कैब रेंटल के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक नया फ्रेमवर्क प्रस्तावित किया है जिसमें सरल प्रक्रियाओं के साथ-साथ बेहतर ग्राहक सहायता भी शामिल है। इससे कैब व्यवसाय में प्रवेश करना आसान हो जाएगा, जिससे ग्राहकों के पास चुनने के लिए अधिक विकल्प होंगे। नए फ्रेमवर्क के तहत ऑपरेटरों को बिना ड्राइवर या ड्राइवर के साथ कैब उपलब्ध कराने का विकल्प मिल सकता है। न्यूनतम फ्लीट की शर्त 50 से घटाकर 5 कर दी गई है, जिसमें हर परिचालन स्थल पर कम से कम 2 कैब होनी चाहिए। साथ ही, पांच पर्यटन शहरों में शाखाएं खोलने की अनिवार्यता को भी हटाया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार पूरे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में एक समान शुल्क पर मान्य एक ही लाइसेंस, अलग-अलग मुख्य और शाखा लाइसेंसों की जगह लेगा। संचालन के स्वीकृत स्थानों में हवाई अड्डे, स्टेशन और बस टर्मिनल शामिल हो सकते हैं। इस फ्रेमवर्क में प्रस्ताव दिया गया है कि लाइसेंस जारी करने और नवीनीकरण का काम 60 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए। कैब या संचालन के स्थानों को जोड़ने या हटाने के लिए 30 दिनों की डीम्ड-अप्रूवल व्यवस्था शुरू की जा सकती है।

टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई के अच्छे नतीजे दिख रहे हैं: जेपी नड्डा



संचार जगत

नई दिल्ली। तपेदिक के खिलाफ देश की लड़ाई के अच्छे नतीजे सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई के अच्छे नतीजे दिख रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ग्लोबल टीबी रिपोर्ट 2026 में भारत की बड़ी तरक्की को दिखाया गया है, जिसमें 2015 से टीबी से होने वाली मौतों में 38 प्रतिशत की कमी आई है, जो दुनिया भर में 35 प्रतिशत की गिरावट और 94 प्रतिशत इलाज की सफलता दर को पार कर गई है।

जयपुर-दिल्ली हाईवे पर रोड नंबर-14 सड़क हादसे में 2 की मौत

संचार जगत

जयपुर। जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र स्थित जयपुर-दिल्ली हाईवे पर हुए सड़क हादसे मे सामने में दो लोगों की मौत हो गई। घटना रोड नंबर-14 स्थित अनाज मंडी के पिछले गेट के सामने की है जहां पुलिया पर चढ़ते समय एक बेकाबू 18 चक्का ट्रेलर चार फीट की ऊंचाई से रेलिंग तोड़ता हुआ नीचे चल रही कार पर पलट गया।



इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन से चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि भारी-भरकम ट्रेलर के नीचे दबने से कार पूरी तरह पिचककर चकनाचूर हो गई। कार में सवार एक व्यक्ति ट्रॉले के विशालकाय पहिए के नीचे बुरी तरह फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर दिल्ली से अजमेर की तरफ जा रहा था। पुलिया पर चढ़ते वक्त अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। ट्रेलर रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिरा और कार के अलावा एक पिकअप, स्कूटी और बाइक सहित कुल पांच वाहनों को अपनी चपेट में लेते हुए सड़क किनारे बनी एक दुकान की तरफ जा घुसा।

पुलिस ने स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार और ट्रॉले के पहिए के नीचे फंसे शव को बाहर निकलवाया। वहीं, दुर्घटना में घायल हुए तीन से चार लोगों को तुरंत एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

स्वास्थ्य डब्ल्यूएचओ ने कहा, बीमारी के जांच और इलाज में दक्षिण-पूर्व एशिया ने वैश्विक औसत को पछाड़ा

टीबी से जंग में दक्षिण-पूर्व एशिया को बड़ी सफलता

भारत में 2015 के बाद से टीबी से होने वाली मौत में 38 प्रतिशत की कमी आई

नई दिल्ली/संचार जगत

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में अहमउपलब्धियां हासिल करते हुए इस क्षेत्र ने टीबी के रोगियों तक अपनी पहुंच और इलाज के मामले में वैश्विक औसत को पीछे छोड़ दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में टीबी से पीड़ित 87 प्रतिशत लोगों तक जांच और उपचार सेवाएं पहुंचाई गईं, जबकि वैश्विक औसत 79 फीसदी ही था। इसके अलावा, मरीजों के ठीक होने की सफलता दर भी वैश्विक औसत से काफी बेहतर रही है। दवा-संवेदनशील टीबी के लिए यह 93 प्रतिशत और रिफैम्पिसिन-प्रतिरोधी टीबी के लिए 74 प्रतिशत दर्ज की गई। वर्ष 2015 के बाद से इस क्षेत्र में टीबी के नए मामलों में 18 प्रतिशत और इससे होने वाली मौतों में 31 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट आई है।



चुनौतियां अभी भी बनी हुई

हालांकि, बीमारी के इस उच्च दबाव के बीच चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। ताजा अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2025 में इस क्षेत्र में 36 लाख नए टीबी मामले सामने आए, जो वैश्विक कुल मामलों का 34 प्रतिशत है, जबकि 4,00,000 लोगों की मौत हुई। यह वैश्विक कुल का 35 प्रतिशत है। इसके अलावा, रिफैम्पिसिन और मल्टीड्रग-प्रतिरोधी टीबी के करीब 1,40,000 मामले सामने आए। यह वैश्विक दबाव का 38 प्रतिशत है।

2030 तक टीबी को जड़ से मिटाएंगे

गौरतलब है कि टीबी एक रोकथाम योग्य और इलाज योग्य बीमारी होने के बावजूद एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसकी वजह से परिवार और समुदाय खासे प्रभावित होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, टीबी के प्रसार में कुपोषण (प्रतिवर्ष लगभग 4.5 लाख नए मामले), मधुमेह (लगभग 4 लाख मामले), धूम्रपान, शराब का सेवन और एचआईवी सह-संक्रमण जैसे कारक अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही, टीबी से प्रभावित लगभग 44 प्रतिशत परिवारों को भारी खर्चों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सामाजिक सुरक्षा और पोषण संबंधी सहायता बेहद जरूरी है। भारत ने टीबी के खिलाफ लड़ाई में अहम उपलब्धि हासिल की है। देश में 2015 के बाद से टीबी से होने वाली मौत के मामलों में 38 फीसदी की कमी दर्ज की गई है जबकि वैश्विक स्तर पर यह गिरावट 35 फीसदी रही है। इन चुनौतियों से पार पाने के लिए, सितंबर 2026 में आयोजित डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय समिति के 79वें सत्र में सदस्य देशों ने 2030 तक टीबी को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प लिया गया था। इस रणनीति के तहत सक्रिय रूप से मामलों की खोज, रैपिड मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स का विस्तार, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में टीबी सेवाओं का एकीकरण और घरेलू निवेश को बढ़ावा देना शामिल है। वर्ष 2025 में क्षेत्र में टीबी देखभाल के लिए उपलब्ध 1.03 अरब अमेरिकी डॉलर में से 91 प्रतिशत हिस्सा घरेलू स्रोतों से आया था।

अब हर अग्निवीर को मिलेंगे दो मौके

नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने की घोषणा

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि नए बैच में 3000 से अधिक अग्निवीर शामिल हैं जो 16 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा कर रहे हैं।

एडमिरल स्वामीनाथन ने कहा कि यह नौवां बैच है और इससे साफ संदेश मिलता है कि नौसेना में शामिल होने के इच्छुक युवाओं की कोई कमी नहीं है। पास होने वाले अग्निवीरों का हौसला बहुत ऊंचा है। केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना में बड़ा बदलाव किया है। पहले चार साल बाद 75 प्रतिशत अग्निवीर बाहर हो जाते थे। अब उन्हें दो साल का अतिरिक्त मौका दिया गया है। एडमिरल ने इसे सेनाओं और युवाओं दोनों के लिए विन-विन स्थिति बताया। उन्होंने कहा कि अब हर अग्निवीर को दो बार मौका मिलेगा।

इस बदलाव को सेना और युवाओं दोनों के लिए विन-विन बताया

एक बार चार साल की सेवा के बाद और फिर नियमित सैनिक बनने का अतिरिक्त अवसर। इससे युवाओं के मन में जो असमंजस था वह खत्म हो जाएगा। अब यह स्पष्टता आ गई है। एडमिरल स्वामीनाथन ने पिछले चार साल के अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि जहां-जहां अग्निवीरों को तैनात किया गया उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा।

मनजिंदर सिंह ने केजरीवाल पर लगाए आरोप

संचार जगत



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट करके अरविंद केजरीवाल को घेरा है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि राजनीति में इतना भी गिरा जा सकता है, ये कोई कल्पना नहीं कर सकता, जो केजरीवाल और उनके साथियों ने परसों किया है। भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने यमुना को 60 प्रतिशत तक साफ करने का रिकॉर्ड कायम किया। दिल्ली के लोग सोशल मीडिया पर इसकी वीडियो पोस्ट कर रहे थे।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।